# डेयरी नीति बदलेगी, 24 घंटे खुलेंगे पशु अस्पताल

- 8 को महाकुम्भ नगर में संगम तट पर होगी बैठक
- पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग करेगा बैठक

लखनऊ, विशेष संवाददाता। योगी कैबिनेट की बैठक के बाद अब महाकुम्भ 2025 में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग की अहम बैठक होने जा रही है, जिसमें प्रदेश में पशुधन, डेयरी उद्योग और गोशालाओं के विकास पर बड़े निर्णय लिए जाएंगे।

8 फरवरी को महाकुम्भ नगर में होने वाली बैठक में डेयरी पॉलिसी 2022 में बदलाव, पशु अस्पतालों की 24 घंटे उपलब्धता और दुग्ध संघों को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की संभावना है। इस बैठक के बाद कैबिनेट में इन प्रस्तावों को अंतिम मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। योगी सरकार प्रदेश के सभी जिलों में पशु अस्पतालों को 24 घंटे संचालित करने की योजना बना रही है। बैठक में इस पर मुहर लगने की भी संभावना है।